Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय - 4 | राजनीतिक दल

## QUIZ PART-01

1. **लोकतंत्र में सबसे अधिक दिखाई देने वाली संस्था कौन-सी है?**
   A. न्यायपालिका
   B. संसद
   C. राजनीतिक दल
   D. कार्यपालिका (C)

*व्याख्या :* लोकतंत्र में आम नागरिक सबसे ज्यादा राजनीतिक दलों को पहचानते और देखते हैं।

2. **राजनीतिक दल का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?**
   A. केवल शिक्षा देना
   B. केवल सामाजिक सुधार करना
   C. चुनाव लड़ना और सत्ता हासिल करना
   D. मीडिया चलाना (C)

*व्याख्या :* राजनीतिक दल चुनाव जीतकर सरकार में सत्ता हासिल करने के लिए गठित होते हैं।

3. **भारत में उम्मीदवारों का चयन प्रायः किसके द्वारा किया जाता है?**
   A. आम जनता
   B. पार्टी के शीर्ष नेता
   C. न्यायपालिका
   D. विपक्षी दल (B)

*व्याख्या :* भारत में अधिकतर उम्मीदवारों का चयन पार्टी के शीर्ष नेता करते हैं।

4. **कानून निर्माण में राजनीतिक दलों की क्या भूमिका होती है?**
   A. कोई भूमिका नहीं
   B. केवल सलाहकार की भूमिका
   C. निर्णायक भूमिका
   D. केवल मतदान की भूमिका (C)

*व्याख्या :* विधानमंडल के अधिकतर सदस्य किसी न किसी दल से जुड़े होते हैं, इसलिए कानून निर्माण में दल निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

5. **विपक्षी दल का मुख्य कार्य क्या होता है?**
   A. सरकार की नीतियों की आलोचना करना और अपनी राय प्रस्तुत करना
   B. केवल चुनाव में हार स्वीकार करना
   C. मीडिया को नियंत्रित करना
   D. न्यायपालिका पर दबाव डालना (A)

*व्याख्या :* विपक्ष सरकार की गलतियों की आलोचना करता है और अपनी अलग नीतियाँ भी प्रस्तुत करता है।

6. **जनमत निर्माण में राजनीतिक दल कैसे योगदान देते हैं?**
   A. मुद्दों को उठाकर और बहस करवाकर
   B. न्यायपालिका को प्रभावित करके
   C. केवल आर्थिक नीतियों से
   D. केवल मीडिया से (A)

*व्याख्या :* दल मुद्दों को उठाते हैं, बहस कराते हैं और उनके कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर जनमत बनाते हैं।

7. **राजनीतिक दल न होने पर क्या स्थिति बन जाएगी?**
   A. प्रतिनिधि लोकतंत्र असंभव हो जाएगा
   B. तानाशाही आ जाएगी
   C. चुनाव केवल न्यायपालिका कराएगी
   D. सभी लोग स्वतंत्र उम्मीदवार होंगे (A)

*व्याख्या :* बिना राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि लोकतंत्र काम नहीं कर सकता।

8. **राजनीतिक दलों के घटक कौन-कौन होते हैं?**
   A. केवल नेता
   B. नेता और मंत्री
   C. नेता, सक्रिय सदस्य और अनुयायी
   D. केवल कार्यकर्ता (C)

*व्याख्या :* राजनीतिक दल तीन घटकों से मिलकर बनते हैं—नेता, सक्रिय सदस्य और अनुयायी।

9. **राजनीतिक दल आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं से कैसे जोड़ते हैं?**
   A. मीडिया पर कब्जा करके
   B. सरकारी मशीनरी और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँच बनाकर
   C. न्यायपालिका के आदेश से
   D. पुलिस बल के माध्यम से (B)

*व्याख्या :* दल सरकारी मशीनरी और योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का काम करते हैं।

10. **राजनीतिक दल लोकतंत्र की किस रूप में माने जाते हैं?**
    A. बाधा
    B. अनिवार्य शर्त
    C. ऐच्छिक साधन
    D. केवल चुनावी संगठन (B)

*व्याख्या :* राजनीतिक दल लोकतंत्र की एक अनिवार्य शर्त हैं, क्योंकि इनके बिना लोकतंत्र चल नहीं सकता।